भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3232
दिनांक 07 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान

3232. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत मंत्रालय को मिशन की 2023-26 की लक्षित अवधि के भीतर देश में, विशेषकर संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समुदायों को 2,500 आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) प्रदान करने का लक्ष्य दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या मार्च, 2026 तक देशभर में चल रहे 2,390 आंगनवाड़ी केंद्र अपने स्वयं के भवनों/परिसरों से संचालित हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सभी 2,500 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण-कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा तथा उन्हें उक्त केंद्रों से कब तक संचालित किया जाएगा?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ख): जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पीएम जनमन मिशन का उद्देश्य 18 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र में रहने वाले 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का लक्षित विकास करना है। यह मिशन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सहित 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 पहलों पर केंद्रित है। तीन वित्तीय वर्षों अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान 12 लाख रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र की दर से निर्माण के लिए 2,498 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत 2,498 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 2,487 आंगनवाड़ी केंद्र कार्यशील हो चुके हैं तथा 714 आंगनवाड़ी केंद्रों में नए भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पीएम जनमन के तहत कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

****

अनुलग्नक

"प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान" संबंध में दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा आतारांकित प्रश्न संख्या 3232 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:

पीएम जनमन के तहत कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा:

क्र.स.	**राज्य**	**स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या**	**अब तक कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्र**
1	मध्य प्रदेश	704	704
2	त्रिपुरा	221	221
3	छत्तीसगढ़	191	191
4	महाराष्ट्र	178	178
5	ओडिशा	89	89
6	मणिपुर	75	75
7	गुजरात	67	67
8	राजस्थान	51	51
9	कर्नाटक	23	23
10	केरल	5	5
11	तमिलनाडु	55	55
12	उत्तराखंड	7	7
13	उत्तर प्रदेश	1	1
14	तेलंगाना	85	85
15	बिहार	59	59
16	झारखंड	495	487
17	आंध्र प्रदेश	192	189

******